Title Need to expedite implementation of Patmada Pump Canal Project in East Singhbhum District, Jharkhand-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मैं पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, बोड़ाम और काटिन प्रखंड के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूँ । 2021 में झारखंड राज्य के जल संसाधन विभाग ने इन क्षेत्रों के किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए पटमदा पम्प नहर योजना को मंजूरी दी थी । इसके बावजूद अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है । इस योजना के लिए कंसल्टेंट द्वारा पिछले एक वर्ष में सर्वेक्षण रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा चुकी है, लेकिन जल संसाधन विभाग ने अब तक इसे स्वीकृति नहीं दी है । इस विलंब के कारण लगभग 12,500 हेक्टेयर भूमि में किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित रहना पड़ा है, जो उनकी कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहा है । यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि सिंचाई की सुविधा से न केवल किसानों की खेती में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि होगी । अत: मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा इस काम में की गई देरी पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को शीघ्र ही आवश्यक सिंचाई सुविधाएँ मिल सकें और इस योजना की मंजूरी के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए ।